1) नए कनेक्शनों के लिए बीईई स्टार लेबल युक्त पंप सेटों के उपयोग को अनिवार्य बनाने के लिए विनियामक क्रियाविधि।

   - कृषि क्षेत्र मे सभी नए कनेक्शनों के लिए बीईई स्टार लेबल युक्त पंप सेटों का उपयोग अनिवार्य करने के लिए विनियामक क्रियाविधि तैयार करने और उसे अपनाने के लिए राज्य सरकार को सुविधा देना तथा मौजूदा स्कीमों को भी सहायता प्रदान करना।

- ऊर्जा दक्ष स्टार रेटिंगयुक्त पंप सेटों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कृषि क्षेत्र में मौजूदा राज्य/केन्द्र सरकार को सुविधा देना।
- ऊर्जा दक्ष पंपों को अपनाने के लिए किसानों को वित्तीय सहायता देना जिसमें सीमांत और छोटी श्रेणी के किसानों को राजसहायता प्रदान की जाएगी।

2) डीपीआर का कार्यान्वयन और अनुवीक्षण तथा सत्यापन प्रोटोकोल की सुविधा देना।

- XIवीं योजना के दौरान तैयार किए गए शेष डीपीआर का कार्यान्वयन करने के लिए डिस्काम को सुविधा देना।
- एजीडीएसएम परियोजनाओं में ऊर्जा बचत करने के लिए अनुवीक्षण और सत्यापन प्रोटोकोल बनाना।
- व्यापक स्तर पर स्टार रेटिंगयुक्त पंप सेटों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु सेट दक्षता उन्नयन के परिणाम स्वरूप हुए लाभों / बचतों का निदर्शन।

3) सभी पणधारियों को तकनीकी सहायता तथा क्षमता विकास।

- राज्यों में एसडीए, एसईआरसी और डिस्काम का क्षमता निर्माण।
- किसानों की जागरूकता में वृद्धि और उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए ओपन हाउस सत्र।
- एजीडीएसएम स्कीमों को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय कार्यशालाएं।

4) ग्रामीण जन स्वास्थ्य और पेय जल प्रणाली में पंपिंग दक्षता।

- ग्रामीण जन स्वास्थ्य और पेयजल प्रणालियों में पंपिंग दक्षता परियोजना को कार्यान्वित करने के लिए व्यवहार्यता विश्लेषण।
- प्रत्येक राज्य में पहली प्रायोगिक परियोजना को, परियोजना लागत के 100% की दर से वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी तथा बाद की 3 परियोजनाओं को कुल परियोजना लागत के 50% की दर से निधीयत किया जाएगा।
- परियोजना कार्यन्वयन का मूल्यांकन और ऊर्जा बचत का अनुवीक्षण।

ÁR;sd dk;Øe esa y{;ksa dks iklr djus ds fy, dh xbZ dkjZokbZ %

1½ ,lMh, ds ek/;e ls u, dUkD'kuks ds fy, chbZbZ LVkj ycy ;qä iai lsVks ds mi;kx dks vfuok;Z djus ds fy, fofu;ked fØ;kfof/k gS :

- कृषि क्षेत्र मे सभी नए कनेक्शनों के लिए बीईई स्टार लेबल युक्त पंप सेटों का उपयोग अनिवार्य करने के लिए विनियामक क्रियाविधि तैयार करने और उसे अपनाने के लिए राज्य सरकार को सुविधा देना तथा मौजूदा स्कीमों को भी सहायता प्रदान करना।
- प्रभावी अनुवीक्षण क्रियाविधि स्थापित करने के लिए एसडीए/राज्य सरकारों को सुविधा देना और सहायता देना।
- किसानों को ऊर्जा दक्ष को अपनाने के लिए किसानों को वित्तीय सहायता देना।

2½ ,thMh,l,e Ldhe ds vrxZr Mhihvkj vkj vuqoh{k.k rFkk lR;kiu izksVksdky dh lqfo/kk nsuk vkSj dk;kZUo;u djukA

- वितरण कम्पनियों को तैयार की गई डीपीआर को चरणबद्ध तरीके से कार्यान्वित करने के लिए सुविधा देना।
- राज्यों में अनुवीक्षण और सत्यापन का आरम्भ करना जहां संबंधित वितरण कम्पनियों से कार्यान्वयन के लिए सहमति अभी प्राप्त होनी है।
- शोलापुर, महाराष्ट्र में एजीडीएसएम परियोजना में अनुवीक्षण और सत्यापन को जारी रखना।

3½ lHkh i.k/kkfj;ksa dks rduhdh lgk;rk nsuk vkSj mudh {kerk dk fodkl djukA

- राज्यों में एसडीए, एसईआरसी तथा डिस्काम युटिलिटीज का क्षमता निर्माण जहां एजीडीएसएम स्कीम सक्रिय है।
- दिल्ली और आंध्रप्रदेश में दो राष्ट्रीय स्तर की कार्यशालाएं।
- किसानों की जागरूकता बढ़ाने और एजीडीएसएम स्कीमों में उनकी प्रतिभागिता को प्रोत्साहित करने के लिए ओपन हाउस सत्र (5 सत्र/वर्ष)।

4½ xkeh.k tu LokLF; rFkk i;; ty i.kkyh e i fix n{krk

- निदर्शन परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करना।
- राज्यों/ग्रामीण इलाकों में प्रायोगिक परियोजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए एसडीए/राज्य सरकारों को वित्तीय और तकनीकी सहायता देकर सुविधा प्रदान करना।
- परियोजना कार्यान्वयन का निरीक्षण।

bu ck/kkvk dk nj dju d fy, vif{kr dkjokbl dh lhek,-

बाधाएं एवं सीमाएं :–

- इस स्कीम के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए अनिवार्य अधिसूचना को कार्यान्वित करने के लिए राज्य सरकारें अनिच्छा दिखा रही हैं।
- नए कृषि कनेक्शन देने के लिए वितरण कम्पनियों द्वारा किसी उचित प्रक्रिया/दिशा निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है।
- वित्तीय पहुँच की कमी के कारण कुछ वितरण कम्पनियां एजीडीएसएम प्रायोगिक परियोजना को कार्यान्वित करने में रूचि नहीं दिखा रही हैं।
- वितरण कम्पनियों द्वारा डीएसएम परियोजनाओं के लिए समर्पित निधीयन स्त्रोत के अभाव के कारण एस्को की निवेश के भुगतान की वापसी पर अनिश्चितता।
- सूविचारित गतिविधयों का कार्यान्वित करने में कमी के लिए एक प्रमुख कारण है राज्य सरकारों / डिस्काम्स / पीएचईडी की निष्क्रिय भागीदारी।

इन बाधाओं को दूर करने के लिए अपेक्षित कार्रवाइयां

- राज्य ऊर्जा विभाग और वितरण कम्पनियों के उच्च अधिकारियों के साथ सख्ती से अनुवर्ती कार्रवाई।
- वितरण कम्पनियों में विश्वास पैदा करने के लिए शोलापुर जैसी एक परियोजना आयोजित करने का प्रस्ताव है।
- डीपीआर के तकनीकी और वित्तीय मानदंडों में संशोधन करने के लिए मौजूदा डीपीआर का पुनर्वैधीकरण किया जाएगा।
- ईईएसएल के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएं जिसमें एजीडीएसएम स्कीम के अंतर्गत ईईएसएल द्वारा कार्यान्वित की जाने वाली सम्भव गतिविधियों के बारे में बताया गया हो।
- एजीडीएसएम स्कीम को कृषि मंत्रालय की अन्य मौजूदा स्कीमों के साथ मिला दिया जाए।

1-6-6 y?k vkj e/;e m|fe;k e Åtk n{krk vkj ik|kfxdh mUu;u

भारत के विनिर्माणकारी क्षेत्र, जिसका एमएसएमई में 80 प्रतिशत योगदान है, सतत् वृद्धि की प्रवृति के लिए एक महत्वपूर्ण अंग है। भारत में, एमएसएमई, एक आनुषंगिक इकाई के रूप में बड़े पैमाने पर उद्योगों के पूरक हैं और देश के सामाजिक आर्थिक विकास में भारी योगदान करते हैं। इन इकाइयों की औद्योगिक पद्धतियों और इनमें नियोजित प्रौद्योगिकी में बड़ी विविधता है। इसके साथ ही, एमएसएमई की अपनी कई निजी समस्याएं हैं, जिनमें बाजार की अनिश्चितता,पुराने रूढ़िगत प्रचालन का अव–इष्टतम पैमाना, धनराशि की कमी आदि।

विनिर्माणकारी इकाइयों के लिए ऊर्जा की लागत एक महत्वपूर्ण घटक माना जाता है और ऊर्जा की घटती बढ़ती लागतें, ऊर्जा दक्षता, इस क्षेत्र को प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण समझा गया है।अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के अनुरूप, भारत भी एमएसएमई क्षेत्र में ऊर्जा दक्ष पद्धतियों को प्रोत्साहित करके निरंतरता पाने के लक्ष्य पर कार्य कर रहा है।

बड़ी संख्या में पूरे भारत में फैले हुए एमएसएमई, ऊर्जा दक्ष प्रौद्योगिकियों को अपना कर ऊर्जा संरक्षण की दिशा में परिवर्तन के प्रचुर अवसरों की पेशकश करते हैं। एमएसएमई मंत्रालय के हाल ही के प्रकाशन के अनुसार, भारत में लगभग 36 मिलियन एमएसएमई इकाईयां कार्यशील हैं, जिनका भारत के जीडीपी अंकों में भारी योगदान है और ये इकाइयां लगभग 80 मिलियन लोगों को रोजगार प्रदान करती हैं। बड़ी संख्या में एमएसएमई ऊर्जा–गहन हैं, जिनमें उत्पादन लागत का एक प्रमुख भाग ऊर्जा लागत होती है।

Xiवीं योजना की गतिविधियों के दौरान, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो ने यह देखा है कि धन बचाने की अपार सम्भावना और गुंजाइश होने के बावजूद, एमएसएमई, जानकारी के अभाव और सूचना में विषमता के कारण इस अवसर का लाभ उठाने में असमर्थ हैं। इसके साथ

ही, अदक्ष प्रौद्योगिकियों को दक्ष प्रौद्योगिकियों में शिफ्ट न कर पाने के लिए कुछ प्रमुख कारण भारी अग्रणी लागत और प्रेरक निधीयन क्रियाविधि का अभाव होना है। इन रूकावटों को दूर करने के लिए, XIIवीं योजना के दौरान बीईई ने अपनी गतिविधियों को ऊर्जा दक्ष प्रौद्योकियों, तकनीकी सहायता और क्षमता निर्माण के निदर्शन पर केन्द्रित रखा। यह एसएमई क्षेत्र के अन्दर ऊर्जा दक्ष प्रौद्योगिकियों के उत्थान और अनुकृति के व्यापक प्रसार के लिए अनिवार्य है।

xIIoh ;ktuk e xfrfof/k;k

XIवीं योजनावधि से ली गई सीख और अनुभवों के आधार पर, ब्यूरो ने चयनित क्लस्टरों में श्रेष्ठतम ऊर्जा दक्ष प्रौद्योगिकियों के निदर्शन के लिए एक व्यापक स्कीम तैयार की है। XIIवीं योजना के दौरान इस क्षेत्र में ऊर्जा दक्षता के लिए कार्यरत विभिन्न कार्यकारी अभिकरणों की सहायता से देश भर की लगभग 1500 एसएमई इकाइयों पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष ऊर्जा दक्षता हस्तक्षेपों पर विचार किया गया है। वित्तीय वर्ष 2015–16 की अद्यतित गतिविधियां निम्नानुसार हैं :–

1. पांच एसएमई क्षेत्रों में 10 सर्वश्रेष्ठ प्रौद्योगिकियों की 100 निदर्शन परियोजनाओं का क्रियान्वयन। ये पहचान किए गए क्षेत्र हैं – पाली (वस्त्र), वाराणसी (ईंट), लुधियाना (गढ़ाई), इंदौर (खाद्य) और कोच्चि (समुद्री खाद्य समूह)
2. राज्यों में एमएसएमई – डीआई के घनिष्ठ सहयोग से पैन इंडिया आधार पर ऊर्जा गहन समूहों का मानचित्रण करना।
3. ऊर्जा दक्ष प्रौद्योगिकियों के लाभ दर्शाने के लिए 5 क्षेत्रों में ऊर्जा दक्ष प्रौद्योगिकियों का निदर्शन करने के लिए और इनके क्रियान्वयन करने के लिए अन्य इकाइयों को प्रोत्साहित करने हेतु राजसहायता मुहैया कराना। यह प्रस्ताव है कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन के पश्चात् इकाई मालिकों को सीधे तौर पर ₹10 लाख प्रति निदर्शनतक की राजसहायता प्रदान की जाए।

xfrfof/k;k dh fLFkfr %

1. पांच क्लस्टरों के लिए एसएमई में बीईई – राष्ट्रीय ऊर्जा दक्षता कार्यक्रम का समर्थन करने के लिए 12 अभिकरणों को पैनलबद्ध किया गया जा चुका है।
2. चयनित पांच क्लस्टरों में, क्लस्टर संघों, इकाइयों, एमएसएमई, क्षेत्रीय अनुसंधान और तकनीकी संस्थाओं और स्थानीय सेवा प्रदाताओं के पणधारियों को शामिल करते हुए कार्यशालाएं आरम्भ करना।
3. लुधियाना, वाराणसी, इंदौर और पाली की चुनींदा इकाइयों में आधार रेखा ऊर्जा लेखा परीक्षा (बीईए) पूरी कर ली गई है और कार्यान्वयन के लिए सर्वश्रेष्ठ ऊर्जा दक्षता प्रौद्योगिकियों की पहचान कर ली गई है।
4. कोच्चि की चयनित इकाइयों में आधार रेखा ऊर्जा लेखा परीक्षा की जा रही है और आशा है कि मई 2016 के अंत तक इसे पूरा कर लिया जाएगा।
5. वाराणसी और लुधियाना में ऊर्जा दक्ष प्रौद्योगिकी की पहचान करने का कार्य किया जा रहा है।

1-6-7 forj.k dEifu;k dk {kerk fuek.k

i"BHkfe %

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो ने वितरण कम्पनियों (डिस्काम्स) की क्षमता का निर्माण करने के लिए एक कार्यक्रम आरम्भ किया है। यह बीईई के अन्य कार्यक्रम, जैसे कृषि मांग पक्ष प्रबन्धन, नगर पालिका मांग पक्ष प्रबन्धन, एसएमई (लघु और मध्यम उद्यमी) उद्योग और मानक तथा लेबलिंग कार्यक्रम के साथ निकटता से जुड़ा है। यह कार्यक्रम इन गतिविधियों को मांग पक्ष प्रबन्धन के लिए डिस्काम द्वारा संचालित गतिविधियों के साथ जोड़ने में सहायता देगा। यह कार्यक्रम डिस्काम के क्षमता निर्माण तथा उनके संबंधित राज्यों में बढ़ावा देने के लिए विभिन्न क्रियाविधियों के विकास में सहायक होगा।

ifj;ktuk dh leph fØ;kfof/k

इस कार्यक्रम का उद्देश्य भार प्रबन्धन कार्यक्रम चलाना, डीएसएम कार्य योजना का विकास और उनसे संबंधित क्षेत्रों में डीएसएम गतिविधियों का कार्यान्वयन करना है। अब तक इस कार्यक्रम के अंतर्गत निम्नलिखित गतिविधियां आरम्भ की जा चुकी हैं :

1. इस कार्यक्रम के अंतर्गत लाभार्थी डिस्कॉम के रूप में प्रतिभागिता के लिए 34 डिस्काम चुने गए हैं।

2. बीईई और चुनींदा डिस्कॉम के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिसमें डिस्कॉम के लक्ष्यों को सम्मिलित किया गया है।

3. 32 डिस्कॉम द्वारा डीएसएम सैल स्थापित किए गए हैं।

4. 15 राज्यों में 22 डिस्कॉम के लिए डीएसएम विनियम अधिसूचित किए गए हैं।

5. डीएसएम से संबंधित गतिविधियों के सरलीकरण और डिस्कॉम को सहायता देने के लिए प्रत्येक डिस्कॉम को जनशक्ति सहायता प्रदान की गई है।

6. 32 डिस्कॉम के लिए भार सर्वेक्षण और डीएसएम कार्य योजना का विकास कार्य आरम्भ किया गया है। 18 डिस्कॉम के लिए गतिविधि पूरी कर ली गई है। 29 डिस्काम्स द्वारा भार–सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है और 6 डिस्काम्स के लिए डीएसएम योजना का अनुमोदन हो गया है।

7. बीईई ने, इस कार्यक्रम के अंतर्गत डीएसएम और ऊर्जा दक्षता पर मास्टर प्रशिक्षु तैयार करने के लिए डिस्कॉम के अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए भी राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान को नियुक्त किया है। 32 डिस्काम के 504 अधिकारियों को प्रशिक्षु गतिविधियों का प्रशिक्षण" के अंतर्गत मास्टर प्रशिक्षु के रूप में प्रशिक्षित किया गया है।

8. सर्किल स्तर के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने हेतु अभिकरणों का चयन किये जाने की प्रक्रिया चल रही है।

1-6-8 jkT; vfHkfgr vfHkdj.kksa ¼,lMh,½ dk lqn`<+hdj.k

XIIवीं योजना के दौरान, विद्युत मंत्रालय ने "ऊर्जा के दक्ष उपयोग और इसके संरक्षण पर राज्य अभिहित अभिकरणों (एसडीए) का सुदृढ़ीकरण" हेतु एक स्कीम का अनुमोदन किया है। XIIवीं योजना के दौरान, इस स्कीम का कुल अनुमोदित परिव्यय 205.31 करोड़ रूपये है और इसमें निम्नलिखित घटक हैं :

1. राज्य अभिहित अभिकरणों को अपनी संस्थागत क्षमताओं और सक्षमताओं के सुदृढ़ीकरण के लिए वित्तीय सहायता मुहैया कराना।

2. राज्य ऊर्जा संरक्षण निधि (एसईसीएफ) में अंशदान।

3. ऊर्जा दक्षता के संवर्धन के लिए मानव संसाधन विकास।

वित्तीय वर्ष 2012–13 के दौरान, 21 एसडीए को 25.23 करोड़ रूपये की राशि वितरित की गई ताकि वे अति ऊर्जा दक्ष प्रौद्योगिकी, जिसमें एलईडी ग्रामीण अभियान, राज्य स्तर के कार्यक्रमों में प्रवर्तन मशीनरी का संस्थानीकरण, सहज समन्वय के लिए जनशक्ति सहायता, राज्यों में ऊर्जा दक्षता का विनियमन और प्रवर्तन तथा कार्यशालाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से विभिन्न पणधारियों के बीच जानकारी का प्रसार, प्रभाव विश्लेषण प्रचार/जागरूकता, इंटरनेट प्लैटफार्म का अनुरक्षण आदि शमिल हैं, की प्रभावकारिता का प्रदर्शन करने के लिए निदर्शन परियोजनाओं जैसे घटकों का कार्यान्वयन कर सकें। इसके अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष 2013-14 और 2014-15 के लिए क्रमशः 27.493 करोड़ रूपये और 4.5 करोड़ रूपये की राशि एसडीए को वितरित की गई है। चालू वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान, राज्य स्तर पर ऊर्जा दक्षता गतिविधियां कार्यान्वित करने के लिए एसडीए को 10.23 करोड़ रूपये की और वित्तीय सहायता दी गई।

1-6-9 jkT; ÅtkZ laj{k.k fuf/k ¼,lbZlh,Q½ esa va'knku

ऊर्जा संरक्षण अधिनियम 2001 की धारा 16(1) के अनुसार राज्य सरकारों/संघ शासित प्रदेशों के प्रशासनों को राज्य के अंदर ऊर्जा के दक्ष उपयोग और इसके संरक्षण को बढ़ावा देने के प्रयोजन हेतु एक कोष का गठन करना अपेक्षित होगा जिसे एसईसीएफ कहा जाएगा। इस संदर्भ में,एक स्कीम जिसका नाम "राज्य ऊर्जा संरक्षण निधि (एसईसीएफ) में अंशदान" है, को भारत सरकार द्वारा 11वीं योजना के दौरान अनुमोदित किया गया। इस स्कीम का परिव्यय 66 करोड़ रूपये है और इसे 50 करोड़ रूपये के बजटीय परिव्यय के साथ 12वीं योजना में भी जारी रखा गया है। इस राशि को, बाजार रूपांतरण द्वारा ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं के कार्यान्वयन को सरल बनाने के लिए, एक साधन के रूप में इस्तेमाल किया जाना है। एसईसीएफ के अंतर्गत वितरित की गई धनराशि के प्रमुख भाग को ऊर्जा दक्षता परियोजनाएं चलाने के लिए अलग से निर्दिष्ट किया गया है जो गतिशील निवेश निधि (आरआईएफ) है। XIIवीं योजना के दौरान इस उप–स्कीम के लिए प्रस्तावित कुल परिव्यय 50.00 करोड़ रूपये है। अब तक, 26 राज्यों ने एसईसीएफ का गठन किया है, जिसमें से लगभग 19 राज्यों ने भी समान अंशदान का प्रावधान किया है।

1-6-10 fofo/k

(i) Åtk lj{k.k lpuk dUnz ¼bZlhvkbZlh½

ऊर्जा संरक्षण सूचना केन्द्र (ईसीआईसी) की स्थापना की गई जिसे बीनेट के रूप में जाना जाता है, और यह एक वैब समर्थित ऑन लाइन आंकड़ा संग्रहण और मिलान प्रणाली है। यह वैब आधारित ऑनलाइन प्रणाली अभिहित उपभोक्ताओं को ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 की धारा 14(के) और 14(एल) के अंतर्गत यथापेक्षित त्रुटिरहित विवरणियां फाइल करने की सुविधा देती है।

(ii) Åtk icU/kdk vkj Åtk y[kkijh{kdk dfy, jk"Vh; iek.ku ijh{kk

ऊर्जा संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत भारत सरकार ने यह निर्दिष्ट किया है कि अभिहित उपभोक्ताओं को नियुक्त करने अथवा अभिहित करने के लिए प्रमाणित ऊर्जा प्रबन्धक और लेखापरीक्षक के रूप में राष्ट्रीय स्तर की प्रमाणन परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी।

बीईई ने ऊर्जा प्रबन्धन, परियोजना प्रबन्धन, ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं के निधीयन और कार्यान्वयन तथा नीति विश्लेषण में विशेषज्ञता वाले व्यावसायिक रूप से अर्हता प्राप्त ऊर्जा प्रबन्धकों का संवर्ग बनाने के चुनौती पूर्ण कार्य को स्वीकार किया है। बीईई, मई 2004 से, नियमित रूप से ऊर्जा प्रबन्धकों और ऊर्जा लेखापरीक्षकों के लिए राष्ट्रव्यापी राष्ट्रीय प्रमाणन परीक्षा आयोजित कर रहा है। प्रमाणन परीक्षा को उम्मीदवारों द्वारा 'अति उत्तम' तथा 'उत्कृष्ट' रेंटिंग दी गई है।

वर्ष 2004-2015 के दौरान आयोजित पिछली 16 परीक्षाओं से देश में 13739 प्रमाणित ऊर्जा प्रबन्धक प्राप्त हुए हैं, जिसमें 8591 प्रमाणित ऊर्जा लेखा परीक्षकों के रूप में अर्हता प्राप्त है। राष्ट्रीय प्रमाणन परीक्षा के माध्यम से नियुक्त ऊर्जा प्रबंधकों और लेखा परीक्षकों की क्षमता निर्माण का भारतीय अर्थव्यवस्था पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ेगा, जिससे ऊर्जा गहनता में कमी आएगी।

(iii) tkx:drk vkj igp

बीईई और विद्युत मंत्रालय के सामान्य जागरूकता अभियान और मानक तथा लेबलिंग कार्यक्रमों का उद्देश्य ऊर्जा संरक्षण की आदत डालने की प्रभावकारिता और विशिष्टता के बारे में जनसाधारण के बीच जागरूकता का सृजन करना है।

देश के कोने–कोने में ऊर्जा संरक्षण और दक्षता के प्रचार को बढ़ाने के लिए मीडिया की सेवाएं ली गई और उनके चैनलों में बीईई के विज्ञापन दिखाई देना और राष्ट्रीय समाचार पत्रों से सूचना और प्रेरक संदेश मिलना, विभिन्न भौगोलिक स्थलों पर इलैक्ट्रानिक प्रदर्शन बोर्ड पर ऊर्जा बचत संबंधी नारों के माध्यम से ऊर्जा के बारे में चेतना जागृत कराने का सफल प्रभाव प्रतीत हो रहा है।

izn'kfu;k % बीईई ने 14 से 27 नवम्बर, 2015 के दौरान, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में, भारत अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला और अन्य प्रदर्शनियों में भाग लिया, जिसमें बीईई की उपलब्धियां दर्शाते हुए ऊर्जा क्षेत्र में स्टाल लगाए गए।

आगन्तुकों को, संवर्धनात्मक सामग्री, जैसे इश्तहार/ब्रोशर वितरित किए गए। आगन्तुकों के बीच ऊर्जा संरक्षण के बारे में जागरूकता लाने के लिए भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला, प्रगति मैदान में प्रदर्शनी के दौरान नुक्कड़ नाटक भी किए गए।

1-7 jk"Vh; Åtk lj{k.k ijLdkj ,o fp=dyk ifr;kfxrk

अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में ऊर्जा संरक्षण का संवर्धन करने के उद्देश्य से विद्युत मंत्रालय द्वारा प्रति वर्ष उद्योग और अन्य प्रतिष्ठानों को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार और स्कूली बच्चों के लिए ऊर्जा संरक्षण पर वार्षिक चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं।

ये वार्षिक ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार उद्योगों, कार्यालयों और बीपीओ भवनों, अस्पतालों, होटलों, शॉपिंग मॉलों, जोनल रेलवे, रेलवे स्टेशनों, रेलवे कर्मशालाओं, साबुन और डिटर्जेंट उद्योग, राज्य अभिहित अभिकरणों, नगरपालिकाओं, बीईई स्टार

लेबलयुक्त उपस्करों/उपकरणों, थर्मल पावर स्टेशनों, विश्वविद्यालयों और इंजीनियरी संस्था भवनों, विद्युत वितरण कम्पनियों (डिस्काम्स) राज्य सड़क परिवहन निगम और उपक्रमों तथा वित्तीय संस्थओं द्वारा ऊर्जा संरक्षण में नवोन्मेषों और उपलब्धियों तथा जागरूकता उत्पन्न करने को मान्यता देने के लिए होते हैं। ऊर्जा बचतों द्वारा ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के लिए भारत की प्रतिक्रिया में ऊर्जा संरक्षण एक बहुत बड़ी भूमिका निभाता है। ये पुरस्कार ऊर्जा संरक्षण और दक्षता के प्रति प्रदर्शित अपनी प्रतिबद्धता को मान्यता देने के लिए भी होते हैं।

इस वर्ष, nk bdkb;k dk lokÙke jd dk ijLdkj fn;k x;k] 41 bdkb;k dk iFke ijLdkj] 42 bdkb;k dk f}rh; ijLdkj vkj 63 bdkb;k dk ;kX;rk iek.ki= inku fd, x,। प्रतिभागी इकाइयों में मिलकर ऊर्जा संरक्षण उपायों के लिए 2384.32 करोड़ का निवेश किया और 2928.42 करोड़ की आर्थिक बचत प्राप्त की। प्रतिभागी इकाइयों ने 2598 मिलियन kWh की बिजली की बचत की जो 0.70 के PLF पर 486 मेगावाट तापीय विद्युत केन्द्र से उत्पादित ऊर्जा के समतुल्य है। माननीय विद्युत, कोयला और नवीन एवं नवीनीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री ने विज्ञान भवन में 14 दिसम्बर, 2015 को विजेताओं को पुरस्कृत किया।

ekuuh; dUnh; fo|r] dk;yk vkj uohu rFkk uohdj.kh; Åtk jkT; e=h] jk"Vh; Åtk lj{k.k ijLdkj lekjkg e 14 fnlEcj] 2015 dk ub fnYyh e jk"Vh; fp=dyk ifr;kfxrk ijLdkj inku djr g,A

jk"Vªh; ÅtkZ laj{k.k iqjLdkj fotsrk & 2015

vY;qehfu;e

प्रथम पुरस्कार	:	भारत अल्युमीनियम कम्पनी लिमिटेड (बाल्को), कोरबा, (छत्तीसगढ़)
द्वितीय पुरस्कार	:	वेदांता लिमिटेड, झारसुगुडा (ओडिशा)
योग्यता प्रमाण-पत्र	:	1. खनन और रिफाइनरी काम्प्लैक्स (नाल्को), कोरापुट (ओडिशा)
		2. हिन्डाल्को इंडस्ट्रीज लि. मुरी वर्क्स रांची (झारखंड)

vkWVkseksckby fofuekZ.k

प्रथम पुरस्कार	:	टाटा मोटर्स लि., धारवाड (कर्नाटक)
द्वितीय पुरस्कार	:	महिन्द्र टू व्हीलर्स लि., पीतमपुर (मध्य प्रदेश)
योग्यता प्रमाण-पत्र	:	1. टाटा मोटर्स लि. सीवीबीयू - लखनऊ (उ.प्र.)
		2. अशोक लैलैंड लि., अलवर (राजस्थान)

lhesaV ¼fDyadj vkSj xzkbfUMax ;wfuV½

द्वितीय पुरस्कार	:	प्रिजम सीमेंट लि., (यूनिट-II) सतना, (मध्य प्रदेश)
योग्यता प्रमाण-पत्र	:	मंगलम सीमेंट लि., कोटा (राजस्थान)

lhesaV ¼xzkbfUMax ;wfuV½

योग्यता प्रमाण-पत्र	:	1. दि रैम्को सीमेंट्स लि., मद्रास ग्राइंडिंग प्लांट कांचीपुरम (तमिलनाडु)
		2. चुनार सीमेंट फैक्ट्री, (जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड की एक इकाई) मिर्जापुर, (उ.प्र)

efÙkdk

प्रथम पुरस्कार	:	एचएंडआर जॉनसन (भारत), (प्रिजम सीमेंट लि. का एक प्रभाग), कुनिगल, तुमकुर, (कर्नाटक)

jlk;u

योग्यता प्रमाण-पत्र	:	अतुल लिमिटेड, अतुल (गुजरात)

Dyksj-vYdyh

प्रथम पुरस्कार	:	श्रीराम विनाइल एंड केमिकल इंडस्ट्रीज, कोटा (राजस्थान)
द्वितीय पुरस्कार	:	डीसीएम श्रीराम लि. (इकाई : श्रीराम अल्कली एवं केमिकल्स), भड़ूच, (गुजरात)
योग्यता प्रमाण-पत्र	:	1. आदित्य बिड़ला केमिकल्स (इंडिया) लि., (रेनूकूट केमिकल प्रभाग), सोनभद्र (उप्र.)
		2. सिएल केमिकल कॉम्प्लैक्स, पटियाला (पंजाब)

miHkksDrk oLrq fofuekZ.k

प्रथम पुरस्कार	:	गोदरेज एंड बायस मैन्युफैक्चरिंग क. लि., उपकरण प्रभाग, सतारा (महाराष्ट्र)

द्वितीय पुरस्कार	:	गोदरेज एंड बायस मैन्युफैक्चरिंग क. लि., मोहाली (पंजाब)
योग्यता प्रमाण-पत्र	:	एल जी इलैक्ट्रॉनिक्स इंडिया प्रा. लि. ग्रेटर नोएडा (उ.प्र.)

M;jh

प्रथम पुरस्कार	:	हेरिटेज फूड्स लि., चित्तूर (आंध्र प्रदेश)
द्वितीय पुरस्कार	:	1. मदर डेयरी फ्रूट एंड वेजीटेबल प्राइवेट लिमिटेड, पटपड़गंज, (नई दिल्ली) 2. हेरिटेज फूड्स लिमिटेड, उप्पल, हैदराबाद, (तेलंगाना)

vkS"kf/k vkSj HkS"kt

द्वितीय पुरस्कार	:	नेक्टर लाइफ सांइस लिमिटेड यूनिट-II, मोहाली, पंजाब
योग्यता प्रमाण-पत्र	:	यूएसवी लि.,यूनिट-1, बद्दी (हिमाचल प्रदेश)

byfDVªflVh fMLVªhC;w'ku dEiuht ¼fMLdke½

प्रथम पुरस्कार	:	दक्षिणी विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, चित्तूर, (आंध्र प्रदेश)
द्वितीय पुरस्कार	:	टाटा पावर कंपनी लिमिटेड, माटुंगा, मुंबई
योग्यता प्रमाण-पत्र	:	केरल राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड, विद्युती भवनम्, पैट्टम, थिरुवनंथपुरम (केरल)

[kk| rsy/ouLifr

प्रथम पुरस्कार	:	रूचि सोया इंडीस्ट्रीज लि., हल्दिया (पश्चिमी बंगाल)
द्वितीय पुरस्कार	:	रूचि सोया इंडीस्ट्रीज लि., चैन्नई (तमिलनाडु)
योग्यता प्रमाण-पत्र	:	3. एफ इंडीस्ट्रीज लि., तडपल्लीगुडम (आंध्र प्रदेश)

moZjd ¼;wfj;k½

प्रथम पुरस्कार	:	इंडो गल्फ फर्टिलाइजर्स, (आदित्य बिड़ला लिमिटेड की एक यूनिट) अमेठी, (उत्तर प्रदेश)
द्वितीय पुरस्कार	:	राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड, थाल यूनिट, रायगढ़ महाराष्ट्र)
योग्यता प्रमाण-पत्र	:	1. राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लि., ट्रॉम्बे यूनिट, चेम्बूर, मुंबई (महाराष्ट्र)
	:	2. भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड, आंवला यूनिट-II, बरेली (उत्तर प्रदेश)

moZjd ¼QkLQsV½

योग्यता प्रमाण पत्र	:	कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड, काकीनाडा यूनिट, पूर्वीगोदावरी (आंध्र प्रदेश)

[kk| çlLdj.k

प्रथम पुरस्कार	:	यूनिलीवर इंडिया एक्सपोर्ट्स लिमिटेड–पुणे चाय निर्यात, पुणे (महाराष्ट्र)

द्वितीय पुरस्कार	:	टाटा कॉफी लिमिटेड, इंस्टेंट कॉफी प्रभाग, तुपरन यूनिट, मेडक (तेलंगाना)

ykg HkVBh

द्वितीय पुरस्कार	:	श्री निवास इंजीनियरिंग ऑटो कंपोनेंट्स प्रा. लिमिटेड, पुणे, (महाराष्ट्र)
योग्यता प्रमाण पत्र	:	घटगे पाटिल इंडस्ट्रीज लिमिटेड, कोल्हापुर, (महाराष्ट्र)

I kekU; J.kh

प्रथम पुरस्कार	:	चामुंडेश्वरी विद्युत आपूर्ति निगम लिमिटेड, (सीईएससी) मैसूर (कर्नाटक)
द्वितीय पुरस्कार	:	दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद डिवीजन, काजीपेट पम्पिंग सेक्टर, सिकंदराबाद (तेलंगाना)
योग्यता प्रमाण पत्र	:	1. किर्लोस्कर न्यूमेटिक कंपनी लिमिटेड सासवाड, पुणे (महाराष्ट्र) 2. दक्षिण मध्य रेलवे, हैदराबाद डिवीजन, शीपमंडी पम्पहाउस, सिकंदराबाद, (तेलंगाना)

I kekU; J.kh ¼ijLdkj d mi{k=½

प्रथम पुरस्कार	:	ग्रेटर विशाखापत्तनम नगर निगम, विशाखापट्टनम, (आंध्र प्रदेश)
द्वितीय पुरस्कार	:	एल एंड टी स्पेशल स्टील्स और हैवी फोर्जिंग प्राइवेट लिमिटेड सूरत, (गुजरात)
योग्यता प्रमाण पत्र	:	जाम श्री रंजीत सिंह जी स्पिनिंग एंड वीविंग मिल्स कंपनी लिमिटेड सोलापुर (महाराष्ट्र)

, dh—r bLikr lykV l

प्रथम पुरस्कार	:	सेल, राउरकेला इस्पात संयंत्र, राउरकेला (ओडिशा) खनन
प्रथम पुरस्कार	:	मोइल लिमिटेड, उकवा माइन, नागपुर (महाराष्ट्र)
द्वितीय पुरस्कार	:	मोइल लिमिटेड, खानद्री माइन, नागपुर (महाराष्ट्र)
योग्यता प्रमाण पत्र	:	सिंदेश्वर खुर्द खदान, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (वेदांता लिमिटेड) राजसमंद (राजस्थान)

dkxt vkj yxnh

प्रथम पुरस्कार	:	जेके पेपर लिमिटेड, यूनिट जेकेपीएम जायकापुर, रायगडा (ओडिशा)
द्वितीय प्रमाण पत्र	:	बीआईएलटी ग्राफिक पेपर प्रोडक्ट्स लिमिटेड, (इकाई बल्लारपुर) चंद्रपुर (महाराष्ट्र)

iVkj lk;u

द्वितीय पुरस्कार	:	1. थिरुमलाई केमिकल्स लिमिटेड रानीपेट (तमिलनाडु) 2. रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड - दाहेज निर्माण विभाग, भडुच, (गुजरात)

योग्यता प्रमाण-पत्र	:	तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड, हजीरा संयंत्र, सूरत (गुजरात)

lykfLVd

प्रथम पुरस्कार	:	नीलकमल लिमिटेड, कृष्णागिरि, होसुर (तमिलनाडु)
द्वितीय पुरस्कार	:	डीएसएम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (इंजीनियरिंग प्लास्टिक के डिवीजन), पुणे (महाराष्ट्र)
योग्यता प्रमाण-पत्र	:	सुप्रीम इंडस्ट्रीज लिमिटेड, दुर्गापुर यूनिट, बर्दवान, (पश्चिम बंगाल)

fjQkbujh

प्रथम पुरस्कार	:	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, गुजरात रिफाइनरी, वडोदरा (गुजरात)
द्वितीय पुरस्कार	:	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, मथुरा रिफाइनरी, मथुरा (उत्तर प्रदेश)
योग्यता प्रमाण-पत्र	:	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हल्दिया रिफाइनरी, पूर्व मेदीनीपुर (पश्चिम बंगाल)

{k=h; jyo

प्रथम पुरस्कार	:	दक्षिण रेलवे, चेन्नई (तमिलनाडु)
द्वितीय पुरस्कार	:	दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर (छत्तीसगढ़)
योग्यता प्रमाण-पत्र	:	1. पूर्व तट रेलवे, चंद्रशेखरपुर भुवनेश्वर (ओडिशा) 2. पश्चिम रेलवे, चर्चगेट, मुंबई (महाराष्ट्र)

jyo de'kkyk

प्रथम पुरस्कार	:	रेलवे कैरिज कर्मशाला, जोधपुर, जयपुर (राजस्थान)
द्वितीय पुरस्कार		1. अजमेर कर्मशाला समूह, अजमेर, जयपुर (राजस्थान) 2. इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, चेन्नई (तमिलनाडु)
योग्यता प्रमाण-पत्र		डीजल लोको आधुनिकीकरण कार्य, पटियाला (पंजाब)

jyo LV'ku

प्रथम पुरस्कार	:	अहमदाबाद डिवीजन, पश्चिम रेलवे, पालनपुर (गुजरात)
द्वितीय पुरस्कार		1. उत्तर रेलवे, अमृतसर, फिरोजपुर डिवीजन, फिरोजपुर(पंजाब) 2. उत्तर रेलवे, फिरोजपुर डिवीजन, जालंधर कैन्ट फिरोजपुर (पंजाब)
योग्यता प्रमाण-पत्र		1. दक्षिण मध्य रेलवे, हैदराबाद डिवीजन कचेगुडा रेलवे स्टेशन, सिकंदराबाद, (तेलंगाना) 2. विद्युत विभाग, उत्तर पूर्व रेलवे, लखनऊ (उत्तर प्रदेश) 3. राजकोट स्टेशन, राजकोट (गुजरात)

'kkfi x ekly

प्रथम पुरस्कार :	शॉपर्स स्टॉप लिमिटेड - (मलाड शाखा), मुंबई (महाराष्ट्र)
द्वितीय पुरस्कार :	शॉपर्स स्टॉप लिमिटेड - (पेसिफिक पुणे शाखा), पुणे(महाराष्ट्र)
योग्यता प्रमाण-पत्र :	शॉपर्स स्टॉप लिमिटेड (बेनरगट्टा शाखा), बेंगलौर (कर्नाटक)

lkcu vkj fMVtsV

योग्यता प्रमाण-पत्र :	ओरई डिटर्जेंट फैक्टरी, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, जालौन ओरई (उत्तर प्रदेश)

'kdjk

प्रथम पुरस्कार :	बन्नारी अम्मान शुगर्स लिमिटेड, यूनिट-4 तिरुवन्नामलाई, (तमिलनाडु)
योग्यता प्रमाण-पत्र :	केसीपी शुगर एंड इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन लिमिटेड, वुय्युरु, कृष्णा (आंध्र प्रदेश)

bLikr vkjbl jkfyx

योग्यता प्रमाण-पत्र :	जिंदल स्टेनलेस हिसार लिमिटेड, हिसार (हरियाणा)

oL=

प्रथम पुरस्कार :	अरविंद लिमिटेड, खतराज, गांधीनगर, (गुजरात)
द्वितीय पुरस्कार :	रेमंड लिमिटेड, जलगांव (महाराष्ट्र)

Vk;j

द्वितीय पुरस्कार :	जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लि. - चेन्नई टायर प्लांट, कांचीपुरम (तमिलनाडु)
योग्यता प्रमाण-पत्र	1. टीवीएस श्रीचक्र लिमिटेड, मदुरै (तमिलनाडु) 2. बालकृष्ण इंडस्ट्रीज लिमिटेड, औरंगाबाद, (महाराष्ट्र)

dk;kZy; Hkou ¼10 yk[k fdyksokV ifr ?kVk@ifro"kZ ls vf/kd dh [kir½

प्रथम पुरस्कार :	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, चांदीवली टॉवर, मुंबई (महाराष्ट्र)
द्वितीय पुरस्कार :	नीति आयोग, संसद मार्ग (नई दिल्ली)
योग्यता प्रमाण-पत्र :	इन्फोसिस लिमिटेड, सॉफ्टवेयर विकास खण्ड - 3, चेंगलपेट, (तमिलनाडु)

dk;kZy; Hkou ¼10 yk[k fdyksokV ifr ?kVk/ifro"kZ ls de dh [kir½

प्रथम पुरस्कार :	दक्षिण मध्य रेलवे, हैदराबाद डिवीजन सी-तारा बिल्डिंग सिकंदराबाद (तेलंगाना)
द्वितीय पुरस्कार :	भावनगर पारा प्रभाग, पश्चिमी रेलवे, डीआरएम कार्यालय, भावनगर पारा (गुजरात)

योग्यता प्रमाण-पत्र	:	दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद प्रभाग, संचालन भवन सिकंदराबाद (तेलंगाना)

chihvk fcfYMx

योग्यता प्रमाण-पत्र	:	इंफोसिस लिमिटेड, बी-6, पुणे (महाराष्ट्र)

gkVy ¼ikp vkj blls vf/kd flrkjk gkVy½

प्रथम पुरस्कार	:	इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड, ताज ग्रीन कोव कोवलम, तिरुवनंतपुरम, (केरल) द्वारा विवांता
द्वितीय पुरस्कार	:	ताज ब्लू डायमंड, पुणे (महाराष्ट्र) द्वारा विवांता
योग्यता प्रमाण-पत्र	:	आईटीसी होटल्स ताज गंज, आगरा (उत्तर प्रदेश)

gkVy ¼pkj vkj blls de flrkjk gkVy½

योग्यता प्रमाण-पत्र	:	मंजीरा होटल एंड रिसॉर्ट्स लिमिटेड, आदित्य पार्क होटल, हैदराबाद (तेलंगाना)

vLirky ¼10 yk[k fdykokV ifr ?kVk@ifro"k ls vf/kd dh [kir½

प्रथम पुरस्कार	:	फोर्टिस अस्पताल लिमिटेड, नोएडा (उत्तर प्रदेश)
द्वितीय पुरस्कार	:	फोर्टिस हेल्थकेयर लिमिटेड, मोहाली (पंजाब)

vLirky ¼10 yk[k fdykokV ifr ?kVk@ifro"k ls de dh [kir½

प्रथम पुरस्कार	:	उत्तर रेलवे, फिरोजपुर डिवीजन, डिवीजनल अस्पताल फिरोजपुर (पंजाब)
द्वितीय पुरस्कार	:	भावनगर प्रभाग, पश्चिम रेलवे, मंडल रेलवे भावनगर (गुजरात)
योग्यता प्रमाण-पत्र	:	1. हैदराबाद डिवीजन, दक्षिण मध्य रेलवे, केन्द्रीय अस्पताल, मध्य लल्लागुडा, सिकंदराबाद, (तेलंगाना) 2. उत्तर रेलवे, दिल्ली डिवीजन, डिवीजनल अस्पताल (नई दिल्ली)

jkT; vfHkfgr vfHkdj.k

प्रथम पुरस्कार	:	राज्य ऊर्जा संरक्षण मिशन (एसईसीएम), ऊर्जा विभाग, आई एंड आई, आंध्र प्रदेश सरकार, (आंध्र प्रदेश)
द्वितीय पुरस्कार	:	ऊर्जा प्रबंधन केंद्र - केरल, तिरुवनंतपुरम (केरल)
योग्यता प्रमाण–पत्र	:	1. छत्तीसगढ़ राज्य नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण, रायपुर 2. पंजाब ऊर्जा विकास अभिकरण चंडीगढ़ (पंजाब)

rkih; fo|r dsUnz ¼dks;yk iTtofyr l;a= >100 exkokV {kerk½

प्रथम पुरस्कार	:	स्वतंत्र पावर प्लांट, 4X600 मेगावाट, वेदांता लिमिटेड, झरसुगुडा (ओडिशा)
योग्यता प्रमाण-पत्र	:	मैतूर थर्मल पावर स्टेशन-1 टांगेडको, मैतूर बांध (तमिलनाडु)

rkih; fo|r dUn ¼x l iTtofyr l;= >100 exkokV {kerk½

प्रथम पुरस्कार : एनटीपीसी लिमिटेड, कवास गैस पावर, सूरत, (गुजरात)

rkih; fo|r dUn ¼x l ÁTtofyr l;= <100 exkokV {kerk½

प्रथम पुरस्कार : मेघालय पावर लिमिटेड (सीपीपी –2), जिला–पूर्व जयंतिया हिल्स, (मेघालय)

द्वितीय पुरस्कार : कैप्टिव पावर प्लांट, जावर माइन्स, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड, उदयपुर (राजस्थान)

fo'ofo|ky; vkj bthfu;jh lLFkku Hkou

योग्यता प्रमाण-पत्र : हैदराबाद डिवीजन, दक्षिण-मध्य रेलवे, जोनल रेलवे प्रशिक्षण संस्थान (जेडआरटीआई), सिकंदराबाद (तेलंगाना)

vk;/k fuek.kh

प्रथम पुरस्कार : आयुध निर्माणी, वारंगांव, जलगांव (महाराष्ट्र)

द्वितीय पुरस्कार : आयुध निर्माणी, भंडारा (महाराष्ट्र)

योग्यता प्रमाण-पत्र : 1. अति विस्फोटक फैक्टरी, खडकी, पुणे (महाराष्ट्र)

: 2. ग्रे आयरन फाउंड्री, जबलपुर (मध्य प्रदेश)

chbbl LVkj ycy;ä midj.kk d fuekrk ¼,;jdMh'kuj½

प्रथम पुरस्कार : वोल्टास लिमिटेड, (नई दिल्ली)

द्वितीय पुरस्कार : गोदरेज एंड बोयस मैन्युफैक्चरिंग कम्पनी लि., सतारा (महाराष्ट्र)

योग्यता प्रमाण-पत्र : सैमसंग इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड, कांचीपुरम (तमिलनाडु)

chbbl LVkj ycy;ä midj.kk d fuekrk ¼jfÝftjVj½

प्रथम पुरस्कार : वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज लिमिटेड गुड़गांव (हरियाणा)

द्वितीय पुरस्कार : गोदरेज एंड बॉयस मैनुफैक्चरिंग कम्पनी लि., सतारा (महाराष्ट्र)

योग्यता प्रमाण-पत्र : एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ग्रेटर नोएडा (उत्तर प्रदेश)

chbbl LVkj ycy;ä midj.kk d fuekrk ¼df"k ii lV½

प्रथम पुरस्कार : एक्वासब इंजीनियरिंग, कोयम्बटूर, (तमिलनाडु)

द्वितीय पुरस्कार : टेक्समो इंडस्ट्रीज, कोयम्बटूर (तमिलनाडु)

chbbl LVkj ycy;ä midj.kk d fuekrk ¼Nr d i[k½

प्रथम पुरस्कार : 1. उषा इंटरनेशनल लिमिटेड, गुड़गांव (हरियाणा)

: 2. क्रॉम्प्टन ग्रीव्स कंज्युमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, पोंडा (गोवा)

chbbl LVkj ycy;ä midj.kk d fuekrk ¼Vyhfotu½

प्रथम पुरस्कार : एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, शिरूर, पुणे (महाराष्ट्र)

chbbl LVkj ycy;ä midj.kk d fuekrk ¼LVkjt okVj ghVj½

प्रथम पुरस्कार : राकोल्ड थर्मो लिमिटेड, चाकन, पुणे (महाराष्ट्र)

द्वितीय पुरस्कार : बजाज इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, मुंबई (महाराष्ट्र)

योग्यता प्रमाण-पत्र : क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्युमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, कुर्ला–पश्चिम, मुंबई (महाराष्ट्र)

chbbl LVkj ycy;ä midj.kk d fuekrk ¼fMLVhC;Vj VkIQkej ½

प्रथम पुरस्कार : तोशिबा ट्रांसमिशन और वितरण प्रणाली (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, मेडक जिला, (तेलंगाना)

Åtk y[kk ijh{kd

योग्यता प्रमाण-पत्र : 1. डॉ पी.पी.मित्तल, फरीदाबाद (हरियाणा)

: 2. श्री राजेश मोहन, चेन्नई (तमिलनाडु)

Åtk y[kk ijh{kk vfHkdj.k

योग्यता प्रमाण-पत्र : भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), सोहराबजी गोदरेज, ग्रीन ग्रीन बिजनेस सेंटर, आरआर जिला, हैदराबाद

foÙkh; lLFkku

प्रथम पुरस्कार : भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) (नई दिल्ली)

jk"Vh; Åtk n{krk 0;kikj e,My J.kh

प्रथम पुरस्कार : आंध्र प्रदेश दक्षिणी विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, तिरुपति (आंध्र प्रदेश) - डीएसएम – डीईएलपी

द्वितीय पुरस्कार : ग्रेटर विशाखापत्तनम नगर पालिका निगम विशाखापत्तनम, (आंध्र प्रदेश) - डीएसएम स्ट्रीट लाइट

योग्यता प्रमाण-पत्र :

1. पुडुचेरी विद्युत विभाग (पुडुचेरी) डीएसएम– डीईएलपी
2. यंत्र हार्वेस्ट एनर्जी ऊर्जा फसल प्रा. लिमिटेड पुणे (महाराष्ट्र) - उद्योग
3. एसईई– टेक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, नागपुर (महाराष्ट्र) - भवन
4. प्रणत इंजीनियर्स प्रा. लि., गाजियाबाद, (उत्तर प्रदेश) - उद्योग
5. प्रणत इंजीनियर्स प्रा. लि., गाजियाबाद, (उत्तर प्रदेश) - भवन
6. प्रणत इंजीनियर्स प्रा. लि., गाजियाबाद, (उत्तर प्रदेश)-डीएसएम-स्ट्रीट लाइट
7. चामुंडेश्वरी विद्युत आपूर्ति निगम लिमिटेड, मैसूर (कर्नाटक)-कृषि डीएसएम

Ldyh cPpk dfy, Åtk lj{k.k ij fp=dyk ifr;kfxrk

मासूम बच्चों ने स्वच्छ, हरित और ऊर्जा सक्षम भविष्य के लिए कल्पना के संसार का चित्रण किया। बच्चों ने ऊर्जा संरक्षण पर उपयोगी विचार भी दिए। स्कूल जाने वाले बच्चों ने न केवल अपने अभिभावकों, भाइयों और बहनों अपितु अन्य जैसे शिक्षकों, पड़ोसियों इत्यादि को भी शामिल करते हुए समाज में अपेक्षित बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस दृष्टिकोण से, स्कूली बच्चों को घरेलू क्षेत्र में ऊर्जा संरक्षण के साथ ऊर्जा दक्षता के प्रति संवेदनशील बनाते हुए,विद्युत मंत्रालय (एमओपी), भारत सरकार (जीओआई) श्रेणी 'ए' के अंतर्गत चौथी, पांचवी व छठी कक्षा के लिए तथा श्रेणी'बी' के अंतर्गत सातवीं, आठवीं और नौवीं कक्षा के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित करके पैन इंडिया राष्ट्रीय जागरूकता अभियान चलाता है।

राज्य और राष्ट्रीय स्तर 14 दिसम्बर, 2015 को 70,000 मूल्य के नकद पुरस्कार प्रतिराज्य/संघ शासित क्षेत्र प्रति श्रेणी (36 राज्यों/ संघ शासित क्षेत्रों के लिए 25.20 लाख रूपये प्रति श्रेणी अथवा दोनों श्रेणियों के लिए 50.40 लाख रूपये) राज्य स्तर के विजेताओं को वितरित किए गए। राष्ट्रीय प्रतियोगिता की दोनों श्रेणियों के विजेताओं के लिए 10.35 लाख रूपये के नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। वर्ष 2015 के दौरान एक करोड़ से अधिक छात्रों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया।

Ok"k 2015 e Ldhe dh mi yfC/k;k fuEuku lkj g%

- ऊर्जा संरक्षण पर राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता एक शानदार सफलता रही।
- देशभर से 1,00,000 से कुछ अधिक स्कूलों के 105.25 लाख छात्रों ने भागलिया। यह प्रतिभागिता गतवर्ष की तुलना में 75 प्रतिशत अधिक रही।

- माननीय विद्युत, कोयला और नवीन एवं नवीनीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), श्री पीयूष गोयल ने विज्ञान भवन में आयोजित हुए समारोह में राष्ट्रीय स्तर के 19 विजेताओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किए।



1-7-1 'kklh ifj"kn dh lajpuk

1.	माननीय विद्युत कोयला एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), भारत सरकार, श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली	पदेन अध्यक्ष
2.	सचिव विद्युत मंत्रालय, श्रम शक्ति भवन नई दिल्ली	पदेन सदस्य
3.	सचिव पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय शास्त्री भवन, नई दिल्ली	पदेन सदस्य
4.	सचिव कोयला विभाग कोयला एवं खनन मंत्रालय शास्त्री भवन, नई दिल्ली	पदेन सदस्य
5.	सचिव नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय सीजीओ कॉम्प्लैक्स लोधी रोड, नई दिल्ली	पदेन सदस्य
6.	सचिव परमाणु ऊर्जा विभाग कमरा सं. 145-बी, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली	पदेन सदस्य
7.	सचिव उपभोक्ता मामले विभाग कृषि भवन, नई दिल्ली	पदेन सदस्य
8.	अध्यक्ष केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण सेवा भवन, आर.के. पुरम नई दिल्ली	पदेन सदस्य
9.	महानिदेशक केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान प्रो. सर सी.वी. रमन रोड, पी.बी. सं. 8066, बेंगलौर - 560080	पदेन सदस्य
10.	कार्यकारी निदेशक पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ, संरक्षण भवन, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली 110 066	पदेन सदस्य
11.	अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक केन्द्रीय खनन योजना एवं अभिकल्पन संस्थान लि. कणके रोड, रांची 834 008	पदेन सदस्य
12.	महा निदेशक भारतीय मानक ब्यूरो, मानक भवन बी.एस. ज़फर मार्ग, नई दिल्ली – 110 002	पदेन सदस्य

13.	महा निदेशक राष्ट्रीय परीक्षण शाला उपभोक्ता मामले विभाग 11/1, जज़िस कोर्ट रोड, अलीपुर, कोलकाता - 700 027	पदेन सदस्य
14.	प्रबंध निदेशक भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण लिमिटेड इंडिया हैबीटेट सेंटर लोधी रोड, नई दिल्ली - 110 003	पदेन सदस्य
15.	सदस्य सचिव पूर्वोत्तर क्षेत्रीय विद्युत समिति लिमिटेड एमएसएचएफसी सोसाइटी लि. नानग्रिम हिल्स, शिलाँग - 793003	सदस्य
16.	सदस्य सचिव पूर्वी क्षेत्रीय विद्युत समिति 14, गोल्फ क्लब रोड, टॉली गंज, कोलकाता - 700033	सदस्य
17.	सदस्य सचिव उत्तरी क्षेत्रीय विद्युत समिति 18-ए, शहीद सिंध सनसनवाल मार्ग कटवारिया सराय, नई दिल्ली - 110016	सदस्य
18.	सदस्य सचिव पश्चिमी क्षेत्रीय विद्युत समिति एफ-3, एमआईटीसी क्षेत्र अंधेरी ईस्ट, मुम्बई - 400 093	सदस्य
19.	सदस्य सचिव दक्षिणी क्षेत्रीय विद्युत समिति 29-रेज़ होर्स, क्रॉस रोड बेंगलौर-09	सदस्य
20.	सचिव पर्यावरण एवं वन मंत्रालय पर्यावरण भवन सीजीओ कॉम्प्लैक्स, लोधी रोड नई दिल्ली - 110003	सदस्य
21.	सचिव शहरी विकास मंत्रालय निर्माण भवन, नई दिल्ली	सदस्य
22.	महा निदेशक ऊर्जा दक्षता ब्यूरो चौथा तल, सेवा भवन, आर. के. पुरम-I, नई दिल्ली - 110 066	पदेन सदस्य सचिव

2

varjkZ"Vªh; lg;ksx

2-1 varjkZ"Vªh; f}i{kh; dk;ZØe

2-2 cgqi{kh; dk;ZØe & tkjh dk;ZØe

2-1 vırjk"Vªh; f}i{kh; dk;Øe

2.1.1 इंडो-जर्मन ऊर्जा कार्यक्रम

1- bMk teu Åtk Qkje (vkÃthÃ,Q)

दोनों देशों के बीच, सतत ऊर्जा आपूर्ति और उपयोग के क्षेत्र में सहयोग को सुदृढ़ करने के लिए, जर्मन चांसलर एंजेला मर्केल और तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने वर्ष 2006 में हनोवर मेला के दौरान इंडो–जर्मन एनर्जी फोरम (आईजीईएफ) की स्थापना की।

जर्मनी के साथ यह द्विपक्षीय कार्यक्रम भारत के लिए अति महत्वपूर्ण और लाभप्रद संबंधों में से है। इसमें विषयों की एक व्यापक रेंज शामिल है, जैसे उद्योग, भवनों, केएफडब्ल्यू से लाइन ऑफ क्रेडिट, त्रिगुणा उत्पादन, तापीय ऊर्जा संयंत्रों की दक्षता में सुधार, नवीकरणीय ऊर्जा के माध्यम से ऊर्जा दक्षता आदि। इंडो-जर्मन इनर्जी फोरम के अंतर्गत, 3 उप-समूह हैं। उप-समूह 1 में, जीवाश्म ईधन आधारित विद्युत संयंत्रों में दक्षता उन्नयन, उप समूह 2 में नवीकरणीय ऊर्जा है और उप समूह 3 में मांगपक्ष ऊर्जा दक्षता तथा निम्न कार्बन वृद्धि रणनीतियां हैं। उप समूह 3 में, भारतीय विद्युत मंत्रालय (एमओपी) और जर्मन फेडरल मिनिस्ट्री ऑफ इकोनॉमिक अफेयर्स एंड इनर्जी (बीएमडब्ल्यूआई) और फेडरल मिनिस्ट्री फॉर दि इनवायरनमेंट, नेचर कंजर्वेशन, भवन और न्यूकलीय सुरक्षा (बीएमयूबी) मिलकर कार्य कर रहे हैं, ताकि अपने अपने देशों में ऊर्जा दक्षता को बढ़ाने के लिए एक सकारात्मक वातावरण बना सकें। यह उद्देश्य दोनों देशों के सरकारी और निजी क्षेत्र के निर्णायकों के बीच एक रचनात्मक वार्ता को सहज बनाकर प्राप्त किया जा सकता है।

संयुक्त ऊष्मा और विद्युत उत्पादन के अवसरों पर काफी समय से चर्चा की जा रही है और अब जीआईजेड़ के सहयोग से, जय प्रकाश नारायण शीर्ष ट्रॉमा सेंटर, नई दिल्ली में एक निदर्शन त्रि-उत्पादन संयंत्र की स्थापना की गई। जीआईजेड़ देश में त्रि-उत्पादन की संकल्पना को बढ़ावा देने के लिए ईईएसएल के साथ संगठनात्मक स्तर पर जुड़ने का इच्छुक है जो जय प्रकाश नारायण शीर्श ट्रॉमा सेंटर, नई दिल्ली में जर्मन पर्यावरण मंत्रालय, प्रकृति संरक्षण और न्यूकलीय सुरक्षा (बीएमयू) का अंतर्राष्ट्रीय जलवायु शुरूआत के तहत् निधीयत एक परियोजना के माध्यम से सफलतापूर्वक दर्शाया गया है।

आवासीय भवनों के क्षेत्र में, फ्रॉनहाफर इंस्टीट्यूट और टेरी ने संयुक्त रूप से एक ऊर्जा निश्पादन आकलन उपकरण का विकास किया है जो भारत में आवासीय भवनों में विभिन्न ऊर्जा दक्षता उपायों के लिए ऊर्जा बचत की सम्भावनाओं की गणना करता है। यह उपकरण सितम्बर, 2012 में लॉंच किया गया। यह भारत में नेशनल हाउसिंग बैंक के सहयोग से आवासीय ढांचों की ऊर्जा दक्षता के लिए केएफडब्ल्यू का एक हिस्सा है जो भवन निर्माण क्षेत्र में एक राष्ट्रीय बीईई लेबलिंग स्कीम को कार्यान्वित करने की संभावना के लिए आवासीय भवनों में ऊर्जा बचत की संभावना का पता लगाएगा। इस समय ऊर्जा दक्ष घरों के लिए एक एनएचबी लेबल विकसित किया जा रहा है, जिसका पूर्व अध्ययन किया जाएगा। बीईई ने हाल ही में "ऊर्जा दक्ष बहुमंजिला आवासीय भवनों के डिजाइन दिशा निर्देश" का विमोचन किया है और एनएचबी ने बीईई और केएफडब्ल्यू को लेकर एक कार्यबल गठित किया है।

विभिन्न क्षेत्रों में ऊर्जा दक्षता का अंतर्राष्ट्रीय इंटरनेट आधारित ज्ञान मंच विकसित करने के लिए, जर्मन पक्ष ने बिग ईई नामक एक नई शुरूआत की है। इसका अभिप्राय है "ऊर्जा दक्षता पर सूचना अंतराल को पाटना"। बिग ईई मंच में भवनों से संबंधित एस्को मॉडलों के लिए एक स्थल के रूप में सहायता देने के लिए एस्को संबंधी आंकड़ो, को शामिल करके, अंतर्राष्ट्रीय उत्तम पद्धतियों और मामला अध्ययनों का पता लगाया जा रहा है।

ईईएसएल के प्रयासों के समर्थन में, नवम्बर, 2010 में आयोजित इन्डो-जर्मन अन्तर-शासकीय विचार विमर्श के दौरान, दोनों सरकारों ने "सरकारी भवनों और अवसंरचना में ऊर्जा दक्षता" कार्यक्रम के लिए ईईएसएल को रियायती शर्तों पर केएफडब्ल्यू (जर्मन विकास

बैंक) से 50 मिलियन यूरो की ऋण सीमा के प्रावधान पर सहमति जताई है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, सार्वजनिक भवनों और अन्य अवसंरचना जैसे नगरपालिका अवसंरचना अथवा कृषि पंपिंग में ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं को निधीयत किया गया। इसके अतिरिक्त, इस कार्यक्रम के लिए अपेक्षित प्रांरभिक उपायों के लिए केएफडब्ल्यू ईईएसएल को वित्तीय संसाधन मुहैया कराने के लिए भी सहमत हो गया है। इस अनुदान (टीए) को ऊर्जा दक्षता निवेश परियोजनाएं तैयार करने के लिए निधीयन विशेषज्ञता सेवाओं के लिए प्रयोग किया जाएगा।

आईजीईएफ समर्थन कार्यालयों ने ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के साथ मिलकर मांग पक्ष ऊर्जा दक्षता-इंडो जर्मन अनुभवों के आदान-प्रदान के लिए संवधर्नात्मक स्कीमों पर विचारार्थ विषय तैयार किए हैं और इस अध्ययन को करने के लिए एडैल्फी का चयन किया है। उपसमूह 3 की 6 दिसम्बर, 2013 को नई दिल्ली में आयोजित हुई बैठक के दौरान इस अध्ययन की कार्य पद्धति और कार्यक्षेत्र को अन्तिम रूप दिया गया। जर्मनी के विभिन्न क्षेत्रों (भवनों, घरेलु उपकरणों, उद्योग, परिवहन) के लिए इन उपायों पर अध्ययन के परिणामों (कमांड और नियंत्रण, आर्थिक प्रोत्साहन, केएफडब्ल्यू आसान ऋण) को तथा प्रौद्योगिकियों को राष्ट्रीय और राज्य दोनों स्तरों पर नई दिल्ली में 13 फरवरी, 2015 को आयोजित छठी आईजीईएफ के दौरान स्वीकार किया गया।

2- bMk-teZu ÅtkZ dk;Øe ¼vkbZthbZ,u½

ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में इंडो-जर्मन तकनीकी सहयोग कार्यक्रम वर्ष 1995 से चलाया जा रहा है, जब से इंडो-जर्मन ऊर्जा दक्षता परियोजना को, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) के पूर्ववर्ती संगठन ऊर्जा प्रबन्धन केन्द्र द्वारा टाटा एनर्जी रिसर्च इंस्टीट्यूट बेंगलौर के माध्यम से मई, 1995 में आरम्भ किया गया था। यह परियोजना सितम्बर, 2000 में पूरी कर ली गई थी। ऊर्जा संरक्षण अधिनियम 2001 के लागू होने और 1 मार्च 2002 को ऊर्जा दक्षता ब्यूरो की स्थापना होने के साथ ऊर्जा संरक्षण अधिनियम की नीतियों और कार्यक्रमों को सहायता देने के उद्देश्य से "इंडो-जर्मन ऊर्जा कार्यक्रम (आईजीईएन) की परियोजना के अंतर्गत ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में सहयोग दिया जाता रहा है। आईजीईएन की "मांग पक्ष ऊर्जा दक्षता और निम्न कार्बन वृद्धि रणनीतियों" पर उपसमूह 3 की अन्तिम बैठक 12 फरवरी, 2015 को आयोजित की गई।

इस कार्यक्रम के चरण -I के सफल कार्यान्वयन के बाद इस कार्यक्रम का चरण -II चार वर्षों तक की अवधि के लिए, अक्तूबर, 2009 से आरम्भ किया गया जो सितम्बर, 2013 को समाप्त हो गया।

कार्यक्रम का चरण -III : पैट चक्र-II में, तीन नए क्षेत्रों को शामिल किया गया, जो हैं- रिफाइनरी, रेलवे और डिस्काम। पैट चक्र-II के लिए एक उसी प्रकार की प्रक्रिया, इन क्षेत्रों में भी अपनाई जानी आवश्यक है जैसी पैट चक्र -I में अपनाई गई थी।

thvkbZtsM+ us fuEufyf[kr xfrfof/k;ksa dh fy, Vh, lgk;rk eqgS;k djkus ij Hkh fopkj fd;k gS%

i) प्रस्तावित क्षेत्रों के लिए क्षेत्र विशिष्ट प्रोफॉर्मा का विकास

ii) सामान्यीकरण कारकों का विकास जिन्हें आधाररेखा प्रोफॉर्मा में शामिल किया जा सकेगा;

iii) विचार विमर्श बैठकों में सहायता;

iv) क्षेत्र विशेष आधाररेखा निर्धारण सुनिश्चित करने के लिए कार्य पद्धति का विकास;

v) लक्ष्य निर्धारण और लक्ष्यों को अन्तिम रूप देने के लिए कार्य पद्धति का विकास।

इसके अतिरिक्त, जीआईजेड़ पैट चक्र के लिए इसके अगले चरण में टीए सहायता देना जारी रखेगा।

2-1-2 Hkkjr&tkiku Åtk okrk

दिसम्बर, 2006 में भारत के माननीय प्रधानमंत्री जी के जापान दौरे के परिणाम स्वरूप, इंडो-जापान एनर्जी डायलॉग, ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए शुरूआत की गई। इसकी सह-अध्यक्षता नीति आयोग के उपाध्यक्ष और एमईटीआई के मंत्रियों द्वारा की गई। आठवीं भारत-जापान ऊर्जा वार्ता 12 जनवरी 2016 को आयोजित की गई।

भारत–जापान ऊर्जा वार्ता के अंतर्गत ऊर्जा दक्षता कार्यकारी समूह की अन्तिम बैठक ऊर्जा दक्षता ब्यूरो में 27 अगस्त, 2015 को आयोजित की गई जिसमें जापान की ओर से मिनिस्ट्री ऑफ इकोनॉमी, ट्रेड एंड इंडस्ट्री (एमईटीआई), दि इंस्टीट्यूट ऑफ एनर्जी इकोनोमिक्स, जापान (आईईईजे) तथा दि एनर्जी कंजर्वेशन सेंटर, जापान (ईसीसीजे) और भारत की ओर से बीईई, टेरी और पंडित दीनदयाल पैट्रोलियम विश्व विद्यालय (पीडीपीयू) ने भाग लिया। भारत-जापान ऊर्जा वार्ता के ढांचे के अंतर्गत निम्नलिखित गतिविधियां की गईं :

1. एनईडीओ निदर्शन परियोजनाएं

   निम्नलिखित तीन परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा किया गया;

   - आंध्र प्रदेश में सिंटर कूलर अपशिष्ट ऊष्मा रिकवरी के लिए मॉडल परियोजना
   - झारखंड में एक कोक शुष्क शमन प्रणाली (सीडीक्यू) द्वारा ऊर्जा के दक्ष उपयोग को बढ़ाने के लिए एक मॉडल परियोजना।
   - आंध्र प्रदेश में सीमेंट संयंत्र की अपशिष्ट ऊष्मा रिकवरी प्रणाली के लिए एक मॉडल परियोजना।

2. संयुक्त नीति अनुसंधान

   - इस्पात, सीमेंट, मशीनी उपकरण और इंवर्टर-एअर कंडीशनर्स (आईईजे-टेरी) पर बाजार सम्भावनाएं और प्रौद्योगिकी सर्वेक्षण
   - ईंधन सब्सिडी आदि के उन्मूलन पर बाजार विश्लेषण और अनुरूपण (आईईईजे-पीडीपीयू)

3. बहुपक्षीय सहयोग

   - अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा दक्षता सहयोग भागीदारी (आईपीईईसी) ढांचे के अंतर्गत 25 फरवरी, 2015 को भारत में लघु और मध्यम आकार के उद्यमियों (एसएमईएस) में ऊर्जा दक्षता और अपशिष्ट ऊष्मा रिकवरी उपायों को बढ़ावा देने के लिए "छठी प्रबन्धन कार्य नेटवर्क कार्यशाला" आयोजित की गई।

4. क्षमता निर्माण

   - 4 फरवरी 2015 को ऊर्जा दक्षता हेतु ऊष्मा पंप प्रणालियों को बढ़ावा देने और सूझबूझ को गंभीरता से लेने के लिए "ऊष्मा पंप कार्यशाला" आयोजित की गई, जिसमें 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
   - जापान में जेआईसीए द्वारा भारतीय ऊर्जा प्रबंधकों और ऊर्जा लेखा परीक्षकों के लिए ऊर्जा संरक्षण तकनीकों में देश-केन्द्रित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, जो हाल ही में 25 मार्च 2014 से 2 मई 2015 तक चलाया गया।

यह फोरम निम्नलिखित गतिविधियों पर और भी कार्य करेगा :

- लौह और इस्पात, सीमेंट तथा लुगदी और कागज क्षेत्रों में अपशिष्ट ऊष्मा रिकवरी प्रौद्योगिकियों का आदान प्रदान।
- जापानी अपशिष्ट ऊष्मा रिकवरी प्रौद्योगिकियां अन्तर्राष्ट्रीय रूप से उपलब्ध प्रौद्योगिकियों से अधिक दक्ष हैं और अधिक

मंहगी हैं। प्रौद्योगिकी की आसानी से उपलब्धता को सुकर बनाने और ऊंची प्रथम लागत की बाधाओं को कम करने के लिए भारत ने यह सुझाव दिया कि जापानी अपशिष्ट ऊष्मा रिकवरी कम्पनियां भारतीय कम्पनियों के साथ संयुक्त उपक्रम स्थापित करें।

- भारत के परिवहन क्षेत्र में ऊर्जा बचतों को बढ़ावा देने और भारत में ऊष्मा पम्प प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने की दिशा में सूचना और विचारों का आदान-प्रदान।
- विद्युत उद्योगों, एसएमई और औद्योगिक उपकरण के क्षेत्र में ऊर्जा प्रबन्धकों और ऊर्जा लेखा परीक्षकों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम जारी रखे जाएं।

2-1-3 Hkkjr-l;qä jkT; vefjdk lg;kx

इंडो–यूएस ऊर्जा वार्ता के अंतर्गत, विद्युत मंत्रालय þfo|qr vkSj Åtkl n{krk" पर एक कार्यकारी समूह की अगुआई कर रहा है। विद्युत क्षेत्र में इंडो-यूएस सहयोग मुख्यतः uru LoPN Åtkl ik|kfxfd;kl dl fofu;kstu vkSj vrj.k के लिए कार्य कर रहा है। 19 अगस्त, 2015 को इंडो-यूएस ऊर्जा वार्ता के अंतर्गत कार्यकारी समूह की बैठक (वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से) आयोजित की गई।

भारत और यूएस के बीच सहयोग का प्रमुख साधन है -उन्नत स्वच्छ ऊर्जा-विनियोजन (पीएसीई-डी) कार्यक्रम। इस कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल किए गए क्षेत्रों में औद्योगिक दक्षता, भवन ऊर्जा दक्षता, ऊर्जा दक्षता निधीयन और संस्थागत सुदृढ़ीकरण है। कार्यकारी समूह की बैठक के दौरान, मानकों के लिए ढांचे का सृजन करने अथवा ऊर्जा दक्षता आंकड़ा केन्द्र के लिए स्वैच्छिक रेटिंग प्रणाली के वांछित लक्ष्य के साथ ऊर्जा दक्षता आंकड़ा केन्द्र पर सहयोग के साथ आगे बढ़ने के लिए दोनों पक्षों में सहमति बनी।

;w, l , vkbZMh dk vrxZr orZeku xfrfof/k;ka - ¼ih, lhbZ-Mh½

- ईसीबीसी तकनीकी अपडेट और कार्यान्वयन
- नेट ज़ीरो ऊर्जा भवन
- ऊष्मायन, संवातन और वातानुकूलन
- अपषिश्ट ऊष्मा उपयोग
- निधीयन संस्थानों के लिए ऊर्जा दक्षता निधीयन और क्षमता निर्माण
- राज्य स्तरीय संस्थागत, विनियामक और नीतिगत विकास
- स्थल प्रषीतन
- वातानुकूल प्रषीतन चुनौती - निष्कर्ष
- ऊर्जा दक्षता आंकड़ा केन्द्र
- निम्न ग्रेड की अपषिष्ट ऊष्मा रिकवरी

2-1-4 bMk&dukMk

ऊर्जा पर इंडो–कनाडा द्विपक्षीय के अंतर्गत गठित डब्ल्यूजी-2 द्वारा ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में विद्युत नवीकरणीय और ऊर्जा दक्षता के निम्नलिखित क्षेत्रों में सहयोग का प्रस्ताव है :

- लघु और मध्यम उद्यमियों, भवन निर्माण और नगरपालिकाओं में ऊर्जा विश्लेषण, अनुरूपण।

- लघु और मध्यम उद्यमियों की ऊर्जा और पर्यावर्णिक निष्पादन सूचित करने के लिए रेटिंग, मानक और मॉनीटरिंग उपस्कर।
- लघु और मध्यम उद्यमियों तथा बड़े उद्योगों में कम्बस्टन और अन्य विभव की प्रैद्योगिकियां
- लागत प्रभावी ऊर्जा दक्ष भवन निर्माण प्रक्रियाएं, रिट्रोफिट उपाय।
- आवासीय भवनों के लिए ऊर्जा दक्ष मानकों के विकास पर दिशा निर्देश।
- औद्योगिक बैंचमार्क विकसित करते हुए लघु और मध्यम उद्यमियों, भवनों, नगर पालिकाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम।
- कनाडा में स्ट्रीट और सार्वजनिक प्रकाश क्षेत्र, प्रकाश अपशिष्ट और जल प्रबन्धन पर हरित ऊर्जा अधिनियम तथा हरित नगरपालिका निधि से तकनीकी विशेषज्ञता और सर्वोत्तम पद्धतियां का आदान-प्रदान किया जा रहा है।

2-1-5 bMk & : I

नवम्बर, 2013 में निम्नलिखित विषयों पर ज्ञान, सूचना और सर्वोत्तम पद्धतियों के आदान-प्रदान के लिए ऊर्जा दक्षता ब्यूरो और रूस के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए :

- ऊर्जा प्रबन्धन, ऊर्जा लेखापरीक्षा और ऊर्जा सेवाओं के क्षेत्र में अनुभव का आदान प्रदान।
- सम्मेलन और संगोष्ठियों का आयोजन।
- ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं को तकनीकी सहायता।
- शिष्टमंडलों का आपसी दौरा।

भारत-रूस अन्तर शासकीय आयोग के अंतर्गत 30-31 अक्तूबर, 2014 को नई दिल्ली में आयोजित, व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकीय तथा सांस्कृतिक सहयोग की ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता की कार्यकारी समूह की 19वीं बैठक के दौरान, भारत की ओर से पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा प्रतिनिधित्व किया गया तथा रूस की ओर से मिनिस्ट्री ऑफ एनर्जी ऑफ दि रशियन फेडरेशन ने प्रतिनिधित्व किया। उपर्युक्त समझौता ज्ञापन के अनुसार निम्नलिखित क्षेत्रों में ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में मौजूदा समझौता ज्ञापन के भीतर सहयोग का विकास करने के लिए रूसी ऊर्जा अभिकरण और ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के विचारों का स्वागत किया गया :

- रिफाइनरी, पैट्रोरसायन, उर्वरक और अन्य क्षेत्रों में ऊर्जा संरक्षण के अवसरों की पहचान करना।
- संयुक्त संगोष्ठियों और कार्यशालाओं के माध्यम से विशेषज्ञता का आदान प्रदान और ज्ञान की भागीदारी।
- तेल और गैस प्रतिश्ठानों के क्षेत्र में ऊर्जा लेखा परीक्षा के क्षेत्र में क्षमता निर्माण।
- नई दिल्ली में वर्ष 2015 के दौरान "तेल और गैस क्षेत्र में ऊर्जा संरक्षण के अवसर" पर बीईई, पीसीआरए, आरईए, जीसीई के विशेषज्ञों को शामिल करते हुए एक तकनीकी कार्यशाला।

